# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी

## Board of School Education Haryana, Bhiwani

(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)

| प्रेषक : | सेवा में, |
|---|---|
| सचिव,<br>हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड,<br>भिवानी। | सभी प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापक |

क्रमांक 541/सी0सै0 दिनांक : 30.10.2024

विषयः सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक वार्षिक परीक्षा मार्च–2025 हेतु राजकीय/अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों तथा गुरूकुल/विद्यापीठ के परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने बारे।

महोदय/महोदया,

विषयांकित मामले में आपको सूचित किया जाता है कि वार्षिक परीक्षा–2025 हेतु सैकेण्डरी/सीनियर सैकेण्डरी/पूर्व मध्यमा सह मध्यामिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के सभी नियमित विद्यालयी/गुरूकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने के लिए शुल्क संरचना तिथियों सहित निम्न प्रकार से हैः–

1. सैकेण्डरी/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक कक्षा के परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क और समय सारणीः–

| फीस संरचना | निर्धारित परीक्षा शुल्क | ऑनलाईन फार्म भरने की समय सारिणी |
|---|---|---|
| सामान्य फीस | 950 | 04.11.2024 से 27.11.2024 तक |
| 100/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 1050 | 28.11.2024 से 03.12.2024 तक |
| 300/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 1250 | 04.12.2024 से 09.12.2024 तक |
| 1000/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 1950 | 10.12.2024 से 15.12.2024 तक |

नोटः–सैकेण्डरी परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क 800/–रूपये, माईग्रेशन शुल्क 50/–रूपये तथा प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक शुल्क 100/–रूपये निर्धारित है। कुल परीक्षा शुल्क 950/–रूपये है।

2. सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क और समय सारिणीः–

| फीस संरचना | निर्धारित परीक्षा शुल्क + प्रायोगिक शुल्क | ऑनलाईन फार्म भरने की समय सारिणी |
|---|---|---|
| सामान्य फीस | 1050 + 100 | 04.11.2024 से 27.11.2024 तक |
| 100/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 1150 + 100 | 28.11.2024 से 03.12.2024 तक |
| 300/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 1350 + 100 | 04.12.2024 से 09.12.2024 तक |
| 1000/–रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 2050 + 100 | 10.12.2024 से 15.12.2024 तक |

नोट– सीनियर सैकेण्डरी परीक्षार्थियों के लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क 950/रूपये, माईग्रेशन शुल्क 100/–रूपये और प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक शुल्क 100/–रूपये है। कुल परीक्षा शुल्क 1150/–रूपये है। सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के नियमित परीक्षार्थियों के अतिरिक्त विषय (Additional) का शुल्क 200/–रूपये निर्धारित है।

सभी विद्यालयों/गुरूकुल/विद्यापीठ के प्रधानाचार्य/मुख्याध्यापकों से अनुरोध है कि उपरोक्त समय सारणी के अनुसार नियमित/गुरूकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों के ऑनलाईन परीक्षा फार्म भरने की प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में पूरी करना सुनिश्चित करें ताकि कोई असुविधा न हा। परीक्षा फार्म भरने की अन्तिम तिथि को आगे नहीं बढ़ाया जाएगा।

सहायक सचिव(सी0सै0)

# हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड, भिवानी
## Board of School Education Haryana, Bhiwani
(Established Under Haryana Board of School Education Act, 1969)


## प्रेस नोट

**No.BSEH/SRS/2024** **DATE. 30 .10.2024**

**NOTIFICATION 44 /2024**

विषयः— राजकीय/अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों/गुरूकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों के सैकेण्डरी/सी0सै0/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा मार्च—2025 हेतु ऑन—लाईन आवेदन बारे।

उपरोक्त विषयांकित परीक्षाओं से संबंधित ऑन—लाईन आवेदन फॉर्म दिनांक 04—11—2024 से बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर लाईव किए जा रहे हैं।

ऑन—लाईन आवेदन स्वीकार करने की तिथियां व शुल्क का निर्धारण निम्न प्रकार से है:—

| | |
|---|---|
| बिना विलम्ब शुल्क आवेदन करने की तिथि | 04—11—2024 से 27—11—2024 |
| 100/— रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 28—11—2024 से 03—12—2024 |
| 300/— रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 04—12—2024 से 09—12—2024 |
| 1000/— रूपये विलम्ब शुल्क सहित | 10—12—2024 से 15—12—2024 |

सैकेण्डरी/पूर्व मध्यमा सह माध्यमिक कक्षा के नियमित विद्यालयी/गुरुकुल/विद्यापीठ परीक्षार्थियों हेतु निर्धारित परीक्षा शुल्क 800/—रूपये, माईग्रेशन शुल्क 50/—रूपये तथा प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा शुल्क 100/—रूपये है। कुल परीक्षा शुल्क 950/—रूपये निर्धारित है।

सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक के परीक्षार्थियों लिए निर्धारित परीक्षा शुल्क 950/—रूपये, माईग्रेशन शुल्क 100/—रूपये तथा प्रति परीक्षार्थी प्रायोगिक परीक्षा शुल्क 100/—रूपये है। कुल परीक्षा शुल्क 1150/—रूपये है। सीनियर सैकेण्डरी/उत्तर मध्यमा सह वरिष्ठ माध्यमिक कक्षा के नियमित परीक्षार्थियों के लिए अतिरिक्त (ADDITIONAL) विषय का शुल्क 200/—रूपये निर्धारित है।

ऑनलाईन पंजीकरण हेतु सभी विद्यालय मुखिया बोर्ड की अधिकारिक वैबसाईट www.bseh.org.in पर दिए गये लिंक पर लॉगिन करें। ऑनलाईन पंजीकरण हेतु दिशा—निर्देश विद्यालय की लॉगिन आई0डी0 पर उपलब्ध है। सभी विद्यालय मुखिया दिशा—निर्देशों को पढ़ने उपरान्त ही परीक्षार्थियों के ऑनलाईन पंजीकरण करना सुनिश्चित करें। सभी विद्यालय मुखिया यह भी सुनिश्चित करें कि उन द्वारा जिन परीक्षार्थियों के ऑनलाईन आवेदन भरे जाने हैं वह रिकार्ड अनुसार ठीक हैं तथा नियमानुसार पात्रता की सभी शर्तें पूरी करते ह। यदि आवेदन में किसी प्रकार की त्रुटि पाई जाती है तो विद्यालय मुखिया स्वयं जिम्मेवार होंगे। परीक्षा आरम्भ होने के बाद फोटो/हस्ताक्षर सम्बन्धित त्रुटि ठीक नहीं की जाएगी। सभी विद्यालय मुखिया दी गई निर्धारित तिथियों में सभी परीक्षार्थियों के ऑनलाईन पंजीकरण एवं शुल्क जमा करवायें। अन्तिम तिथि उपरान्त कोई आवेदन स्वीकार नहीं किया जाएगा।

ऑनलाईन आवेदन करते समय किसी प्रकार की समस्या के समाधान हेतु हैल्पलाईन न0 01664—254300 पर सम्पर्क करें।

सचिव